प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

31 मई 2024

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – मई 2024

मई 2024 माह के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा दरों के संबंध में प्राप्त आंकड़े सारणी 1 से 7 में दर्शाए गए हैं।

मुख्य बातें:

ऋण दरें:

- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) अप्रैल 2024 में 9.55 प्रतिशत (मार्च 2024 में 9.37 प्रतिशत) रही।
- एससीबी के बकाया रुपया ऋणों पर डब्लूएएलआर अप्रैल 2024 में 9.83 प्रतिशत रही (मार्च 2024 में 9.85 प्रतिशत)[1]।
- एससीबी की एक वर्ष की औसत निधियों की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) अप्रैल में 8.85 प्रतिशत से बढ़कर मई 2024 में 8.79 प्रतिशत हो गई।

जमा दरें:

- एससीबी की नई रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) अप्रैल 2024 में 6.48 प्रतिशत रही, जोकि मार्च 2024 के 6.62 प्रतिशत थी।
- एससीबी की बकाया रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) अप्रैल 2024 में 6.91 प्रतिशत (मार्च 2024 में 6.89 प्रतिशत) थी।[1]

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/418

[1] बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है।